Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार — सच का साथी — दिनांक 07-01-2022 अंक 107

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### चोरी के मामले में दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

बरही थाना अंतर्गत शिवपुर गड़लाही निवासी पिंटू दास पिता स्व बासुदेव दास एवं मदन दास पिता किशोर दास को चोरी के मामले में बरही थाना ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों अभियुक्तों पर जेसीबी बोकेट चोरी करने को लेकर बरही थाना में कांड संख्या 541/21 के अंतर्गत मामला दर्ज था।



### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---08.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---षष्ठी तिथि दिन 03:27 उपरांत सप्तमी तिथि
दिनः---शनिवार
नक्षत्रः---पू.भा. नक्षत्र दिन 11:05 मिनट तक उपरांत उ.भा. नक्षत्र
योगः---वरियांन
करणः---तै
सूर्योदय :---प्रातः 06:45
सूर्यास्त : संध्या 05:15
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---मीन राशि में
आज का राहूकाल दिनः---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूतः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से शानिजन पीड़ा से राहत मिलता है।
(नोट :---दिनांक 05-01-2022 के रात्रि 11:59 से 10-01-2022 के दिन 12:32 तक पंचक रहेगा।)



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# रास्ता बंद करने के विरुद्ध में कोदवाठिया के ग्रामीणों ने किया बैठक, पूर्व विधायक के नेतृत्व में डीआरएम से मिलने का निर्णय

## आप सभी के साथ गलत हुआ है, आपको न्याय मिलेगा : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

रेल प्रशासन के द्वारा केदारुत के कोदवादियां टोला के लोगों का आवागमन का रास्ता बंद कर दिया गया है। जिसके विरुद्ध में केदारुत पंचायत के कोदवाठिया टोला के ग्रामीणों ने की एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी पहुँचे। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि कोदवाठिया टोला से बाहर निकलने का एक मात्र रास्ता है, जिसे रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है। चुकी आम ग्रामीणों का रास्ता रेलवे ट्रैक होकर जाता आता है। रेलवे विभाग द्वारा रेलवे फाटक, ओवर ब्रिज न बनवाकर पूर्ण तरीके से रोड को बंद कर दिया गया है। , जिससे ग्रामीणों का आवागमन बंद हो गया है। इस वजह से गांव में दूध का व्यवसाय, किसानी कार्य पूर्ण रूपेण बंद हो गया है। मौके पर पूर्व विधायक ने ग्रामीणों की समस्या को



रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते ग्रामिणों के साथ पुर्व विधायक मनोज यादव

सुनने के बाद कहा है आप लोगों की परेशानी को मैं समझ रहा हूँ। आप लोगों के साथ नाइंसाफी हुआ है। आपलोगों को वाजिब हक और अधिकार के लड़ाई में हम आपके साथ है। मौके पर से ही दूरभाष से रेलवे अधिकारी से बात कर ग्रामीणों के समस्यओं को अवगत कराया। निर्णय लिया झाबकी जल्द ही कोदवठिया से एक शिष्टमंडल डीआरएम ऑफिस धनबाद पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में जाएगा और रास्ता खुलवाने की मांग करेगा। मौके पर पूर्व मुखिया विशेश्वर यादव, उप मुखिया रोहित यादव, समाजसेवी सह भाजपा नेता इंद्रदेव ठाकुर, हासिम मियां, सुरेश यादव, रंजीत यादव,राजु यादव, निरंजना यदव, तुलसी यादव, महेश यादव, वीरेंद्र यादव, सिकंदर यादव, विकास भारती ,लालमोहन भारती ,मुकेश यादव ,राजु यादव, समर यादव, सूरज भारती, अक्षय कुमार , विनाय भारती, कैलाश भारती, भुवनेश्वर भारती, नितेश कुमार ,नकुल यादव, राजु यादव, दीपक यादव, राहुल यादव, जगदीश यादव, केदार यादव, छोटू कुमार, राहुल कुमार, लखन यादव ,सुखदेव यादव, राजेंद्र यादव , टेकलाल यादव, हरीला यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से फ़ीता काटकर दुगोला कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के माधोपुर निवासी भुनेश्वर यादव की माँ स्व जगनी देवी के एकादशा में दुगोला कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसका उद्घटान समाजसेवी संजय यादव, पंचमाधव पंचायत के प्रधान हरेंद्र गोप, पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुरेश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं मृतिका के आत्मा के शांति के लिए दीप प्रज्वलित कर मौन धारण किया। कार्यक्रम में व्यास बिनोद पासवन एवं अशोक राणा



के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। मौके पर बिपिन बिहारी पांडे, नागेश्वर रजक, मंच संचालक सुनील यादव, सुभाष यादव, मनोज यादव, मनोज यादव, सुधीर यादव, भीम यादव, चंदर यादव, संजीत यादव, अभिषेक यादव, कालेश्वर महतो, राजू यादव, खिरोधर यादव, विनोद यादव, रामप्रवेश यादव, तुलसी यादव, रामसहाय यादव, मूर्ति यादव, मनोज यादव, नरेश यादव, सोनू महतो, बुलाकी महतो, दोदि राना, जगदीश महतो, विसुन महतो, बासुदेव महतो, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

## सूचना



राजेन्द्र प्रसाद

राजेन्द्र प्रसाद पडरिया निवासी का बैग 06.01.2022 को बरही प्रखंड कार्यालय से बरही चौक जाने के क्रम में गिर गया। जिसमें उनका कुछ जरूरी कागजात था। अगर आप मे से कोई सज्जन को बैग मिला हो तो मो नंबर 9934377634 पर संपर्क कर वापस करें। जिन्हें ईनाम के तौर पर 1000 रुपया नगद दिया जाएगा।

# गढ़वा नगर केशरवानी वैश्य सभा का बरही में हुआ स्वागत

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

गढ़वानगर केशरवानी वैश्य सभा अध्यक्ष गढ़वा निवासी संतोष केसरी का आगमन बरही में हुआ। देवघर जाने के क्रम में वे झारखण्ड केशरवानी वैश्य महासभा के महामंत्री भगवान केशरी के आवास पर रुके थे। जहाँ बरही नगर केशरवानी वैश्य सभा की ओर से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में नगर केशरवानी वैश्य सभा बरही के अध्यक्ष बलराम केसरी, गया रोड पंचायत अध्यक्ष राजेश केसरी, पंचायत समिति सदस्य बेबी केसरी के पति राजेश केसरी उर्फ मेवालाल, पूर्व पंचायत अध्यक्षं अनुज कुमार केसरी एवं समाज के अन्य लोग शामिल हुए।



स्वागत करते बरही केसरवानी समाज के लोग

दिनांक: 07-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज संः 02

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमा







# कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।




**हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,**

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना



दिनांक: 07-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जहरीली मछली खाने से दो की मौत, 6 की हालत नाजुक

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



देवरी – थाना क्षेत्र अंतर्गत पर्वतुडीह गांव टोला– टक. ाबाद में एक परिवार में मछली भात खाने से दादा–पोता की मौत और परिवार के अन्य छह सदस्यों की हालत गंभीर बताई जा रही है। विदित हो कि विषाक्त भोजन की वजह से परिवार के सदस्यों की तबीयत बिगड़ी। वहीं एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत से गांव का महौल गमगीन हो गया है। स्थानीय लोगों का बताया कि कुल्लू राणा के परिवार के सदस्य शुक्रवार सुबह देर तक नहीं जगे तो पास के दूसरे घर के सदस्यों ने कुल्लू के घर को खटखटाया ओर आवाज लगाया। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिले। जिसपर ग्रामीण एक जुट हो गए। ग्रामीण किसी तरह घर के भीतर दाखिल हुए। यहां उन्होंने देखा कि घर के सभी सदस्य अचेत पड़े हैं। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी पहुंचाया गया। यहां पर 60 वर्षीय कुल्लू राणा और 14 वर्षीय विपिन कुमार को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं अन्य सदस्यों का ईलाज चल रहा है। लोगों का कहना है कुल्लू राणा के परिवार ने बृहस्पतिवार रात मछली भात खाया था। देर रात से ही सभी की तबीयत बिगड़नी शुरू हो गयी। एक परिवार के दो लोगों की मौत और छह की स्थिति गंभीर होने की सूचना पर गाव एवं सीएचसी में अफरातफरी मच गयी। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच कर घटना की जांच में जुटी है।

## बडकागांव में पड़ रही कड़ाके की ठंड लोग परेशान

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



अलाव तापते लोग

बड़कागांव प्रखंड में इन दिनो कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंठ से लोग ठिठुरने लगे हैं। वर्तमान में रात के समय तापमान 6 डिग्री तक नीचे चला आया है। जिससे कारण तेज धूप में भी लोगों को ठंड का अहसास हो रहा है। कड़ाके की ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को विवश कर दिया है। ठंड से लोग बीमार पड़ रहे हैं जनजीवन प्रभावित हो रही हैं। लोग सुबह धूप निकलने के बाद ही गर्म कपड़े के साथ घर से बाहर निकल रहे हैं। वहीं शाम में भी लोग जल्द घर लौटने की जुगत में रहते हैं ताकि ठंड से अपना बचाव कर सकें। मुख्य चौक चौराहे पर आवागमन कर रहे राहगीरों को ठंड से ठंड से बचाने के लिए अंचला अधिकारी प्रभात भूषण सिंह के द्वारा निरंतर अलाव की भी व्यवस्था की जा रही है । बाजार में कोयले, लकड़ी, हीटर, गीजर आदि की मांग बढ़ गई है। ठंड के कारण बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। धूप व अलाव ही उनका बचाव का सहारा बना हुआ है। ठंड से दैनिक कामगरों का भी बुरा हाल है। सुबह–सुबह वे ठंड में ठिठुरते हुए काम के लिए जाते हैं। वहीं शाम में भी वे –कांपते घर लौट्ते हैं।

## शमशान घाट नदी के पानी के बहाव के कारण लोग लाश को रैयती जमीन पर जलाने को मजबूर

### जनप्रतिनिधियों से श्मशान घाट एवं सेड बनवाने की मांग

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



तलसवार में शमशान घाट में शेड नहीं रहने से तल. सवार तथा टिकरी टांड ग्रामीणों को शव को जलाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बडकी नदी एक नदी होने के कारण हमेशा पानी प्रवाहित होती रहती है ।खासकर बरसात में नदियां उफान भरी बहती है। नदी किनारे शव जलाने का पूर्व निर्धारित स्थल श्मशान घाट भारी बाढ़ के कारण मिट्टी का कटाव हो गया ।जिससे लाश जलाने के लिए जगह नहीं रहती है। मजबूरन रैयती जमीन पर लाश चलाना पड़ रहा है । प्रशासन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि नदी किनारे श्मशान घाट एवं शेड का निर्माण किया जा सके। ताकि लाश जलाने में किसी को किसी तरह के परेशानी का सामना ना करना पड़े। मामले को लेकर पंचायत समिति सदस्य केदार महतो ने कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण कार्य है हम सभी प्रबुद्ध लोगों को एकजुट होकर मामले का समाधान करना चाहिए। श्मशान घाट एवं शेड निर्माण मांग करने वाले में से मुख्य रूप से सोना साव, रंजीत साव, जितेंद्र कुमार साव,सकिंदर साव,कैला महतो, माधुरी भुइयां, भुवनेश्वर साव, प्रभु साव, बुलक महतो के अलावा कई प्रबुद्ध लोगों ने मांग की है।

## कुम्हार अब हाथ के बजाय इलेक्ट्रिक चाक पर बनाएंगे बर्तन

**अपेम लाइव़ : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**

कुम्हार अब हाथ के बजाय इलेक्ट्रिक चाक से बर्तन और दुसरे समानों का निर्माण करेंगे. झारखंड माटी कला बोर्ड ने हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए जिले के कुम्हारों को अब इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध करा रहा है. इसी क्रम में गुरुवार को माटी कला बोर्ड के सहयोग से उद्योग पदाधिकारी दास कुमार एक्का और जिला उद्यमी कोअ०र्डिनेटर अविनाश ने जिले के 19 कुम्हारों के बीच इलेक्ट्रिक चाक का वितरण किया. सीएम लघु और कुटीर उद्यम विकास बोर्ड ने माटी कला बोर्ड के सहयोग से कुम्हारों को इस खास चाक का वितरण किया. चाक लेने वालों नीरज पंडित, संजय पंडित, राजा पंडित, भोला प्रसाद, नरेश पंडित, विनोद कुमार, नागेन्द्र पंडित, महेश शामिल हैं. उद्योग पदाधिक. ारी दास कुमार एक्का ने इलेक्ट्रिक की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि यह चाक बेहद उम्दा क्वालिटी की है. इतना ही नहीं यह चाक काफी कम बिजली में संचालित होती है.।

## धार्मिक उन्माद फैलाने वाले पर करेंगे एफ आई आर, सरना और सनातन धर्म के बैठक लिया गया निर्णय

**अपेम लाइव : मधुबन**
**चन्दन पाण्डेय**



मारंगबुरु पहाड़ी जो आदिवासियों का पवित्रस्थल सदियों से है,वहाँ आदिवासी मूलवासी के लोग सदियों से खुले में प्रकृति की पूजा करते आए है,इस बार भी 14 और 15 जनवरी को पूजा करेंगे,इसी पूजा को रो. कने के लिए मध्यप्रदेश के नीरज गंगवाल एक यात्री ने मधुबन से फेसबुक में लोकल लोगो को भद्दी भद्दी टिप्पणी की है,कहा है जूते मारो सालो को बाउंसर से पिटवाएँगे, गाली गलौज की भाषा का इस्तमाल किया गया।मधुबन के एक मुनि जी भी ने बड़े आयोजन में कोरोना मामले का विवादित आंकड़ा दिया है,इसलिए क्योंकि प्रशासन की नजर में गलत मेसेज और गलत आंकड़ा जाय,यहाँ पूजा न करें मूलवासी और आदिवासी इसलिए कह दिया गया मधुबन में 300 कोविड प०जिटिभ मरीज है, मतलब लगातार मूलवासी जो है उनको उलझाया जा रहा है, जबकि सरकारी रिपोर्ट में उस तारिक में एक एक भी पोजिटिभ केस नहीं है। लगातार आदिवासी और मूलवासी समाज जैन समाज के धार्मिक नियम कानून को ठेस नहीं पहुचाते है, किंतु हरेक बार मूलवासी आदिवासी को टारगेट कर के प्रशासन और जनप्राति. निधि को दिग्गभ्रमित करते है जैन समाज और मधुबन के साजिसकर्ता लोग ,यह बर्दास्त नहीं करेंगे। आज एक ओपचारिक बैठक सिद्धू कानू स्कूल मैदान में हुई है जीसकी अध्यक्षता कैलाश अग्रवाल कर रहे थे, उप. स्थित थ े भरत साहू, मनोज अग्रवाल, श्याम प्रसाद, बुद्धन हेमरम, फागु मरांडी,अमर कुमार तुरी अमित कुमार थे। मुख्य रूप से माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा और पीरटांड़ प्रमुख शिकन्दर हेमरम उपस्थित थे उनदोनो ने कहा कि आपस का तालमेल बिगाड़ने नहीं देंगे कोई भी हो,बाहरी के कहने पर स्थानीय लोग भी मध्यप्रदेश के बयान पर खुश न,जल्द एफ आई आर होगी,धार्मिक जगह मा. रंगबुरु का इतिहास में दर्ज है,सरकार ने जगह का घेराव करवाया है,एन ओ सी लिया है फिर भी गलत निर्माण बताया जाता है तो अपना खतियानी पेश करें समाज,हमलोग पास हजारो खतियान है,शिकन्दर हेमरम ने कहा कि धार्मिक उन्माद न फैलाये प्रशासन और प्रतिनिधि को दिग्भर्मित न करें जैन समाज। आंदोलन की जरूरत पड़ी अपने हक के लिए तो हमसब तैयार है किंतु पहले प्रशासन की पहल को देखा जाएगा।

## चलती गाड़ी में लगा आग, बड़ा हादसा टला, भारी नुकसान

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



जीटी रोड स्थित नरैना के समीप बड़ा हादसा टला, जहां एक चलती गाड़ी में आग लगा। हालांकि चौपारण पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच स्थिति को नियंत्रण किया। आग लगने से ट्रेलर के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए जान बचाते हुए गाड़ी को सड़क के किनारे खड़ा किया। ट्रेलर में आग की लपटें निकलता देख आसपास लोग भी उस ओर दौरे। प्रशासन भी बिना देर किए दमकल की गाड़ी को वहां भेजा। दमकल कर्मियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद धधकती आग पर काबू पाया गया । लेकिन ट्रेलर का इंजन और आगे का हिस्सा पूरी तरह से जल गया। घटना के सम्बंध में प्रत्यक्षदर्शी मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता ने बताया कि ट्रेलर में आग लगने का वजह श०र्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। ट्रेलर संख्या पीबी 10 जी एक्स 8407 उड़ीसा से माल लोड कर पंजाब जा रही थी। जान माल की क्षति नहीं हुई लेकिन ट्रेलर के जलने से भारी नुकसान हुआ।

## कौविड 19 के वैक्सीनेशन अभियान में लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**

कौविड 19 के वैक्सीनेशन अभियान में लोगों को वै. क्सीन लगाने के लिए प्रेरित करते हुए भूत पुर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया प्रति. निधि रामु बैठा, अंचल अधिकारी बिरनी,ड०क्टर कुलदीप तिर्की साहब, सिमराढाब पंचायत के बनपुरा गांव में शुक्रवार को अभियान चलाया गया ।



APEM
LIVE

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- धनंजय कुमार    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## बैरंग लौटे एनएच व भूअर्जन पदाधिकारी, कैटल व मुआवजे की मांग पर अड़े रहे रैयत

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार**



चौपारण एनएचएआई 2 के सिक्स लाइन के निर्माण का कार्य प्रगति पर है ,लेकिन सिंघरावा, जगदीशपुर पंचायत के कई भूरैयतों को अभी तक मुवाबजे की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। मुवाबजे की राशि भुगतान नहीं होने से भू रैयतों में काफी रोष है और मुवाबजे मिलने तक कंस्ट्रक्शन कंपनी को कार्य करने से रोक दिया गया । जिसके बाद गुरुवार को नेशनल हाईवे टू के पीडी प्रमोद कुमार, जिले के भू अर्जन पदाधिकारी विनोद कुमार, प्रखंड विकास पदा. धिकारी सह प्रभारी सीओ प्रेमचंद सिन्हा ने सिंघरावां पहुंचकर भू रैयतों से वार्ता की और उन्हें समझाने का प्रयास किया। पीडी प्रमोद कुमार ने भू रैयतों से कहा कि जिन लोगों को पैसा नहीं मिला है उनमें व०चर की कमी है या फिर आपसी विवाद के कारण मुवाबजा नहीं मिल पाया है। उन्होंने साइड पर ही मुवाबजे देने की बात कही। आगे कहा कि बेवजह आपलोगों को परेशान नहीं किया जागेगा। वहीं भू रैयतों को मौखिक बातों पर विश्वास नहीं हुआ जिससे भू रैयतों और हाइवे के अधिकारीयों के बीच वार्ता विफल रहा और ग्रामीण व भू रैयत मुआवजे और कैटल पास की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना है कैटल पास नहीं होने से आये दिन दुर्घटना होते रहती है। जान माल की क्षति होती है। वार्ता के दौरान उपरोक्त के अलावे झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिनोद विश्वकर्मा, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चंद्रवंशी, जगदीशपुर पंचायत के मुखिया प्रति. निधि सुरेश साव, राज केशरी कंस्ट्रक्शन के प्रा. ेजेक्ट मैनेजर शेखर झाम,सुरेश साव,बद्री साव,निर्मल साव,सुनील साव,विजय मधेशिया सहित कई ग्रामीण व भू रैयत मौजूद थे।

## प्रखण्ड प्रशासन ने चलाया मास्क चेकिंग अभियान

### बिना मास्क वाले कई लोगो का कटा चालान

### कोरोना के इस जंग में मास्क लगाकर और सामाजिक दूरी बनाकर प्रशासान को करें मदद : बीडीओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



राज्य में बढ़ते कोरोना को देखते और उपायुक्त के दिशा निर्देश पर कान्हाचट्टी प्रखण्ड प्रशासान ने प्रखण्ड के रा. जपुर बाजार एवं राजपुर के आस पास के गांवों में शुक्रवार को मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया ।जिसमें बी डी ओ हुलास महतो एवं थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया ।जिसमे बिना मास्क मास्क पहनने वालो के खिलाफ अभियान चला कर राजस्व की वसूली की ।अभियान के क्रम में प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में चलाए जा रहे वैक्सिनेशन केंद्रों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लोगो को बी डी ओ श्री महतो ने कहा कि कोरोना की इस जंग में प्रखण्ड के लोग मास्क लगाकर तथा शोशल दूरी बनाते हुए बैक्सीनेशन कराएं और प्रशासान को मदद करे ।उन्होंने कहा कि अभी आज तो यह केवल मास्क चेकिंग अभियान झांकी है,अभी लगातार मास्क चेकिंग चलेगा और जिनके मुंह और नाक पर मास्क नहीं होगा उनसे फ़ाईन वसूली किया जाएगा ।वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने कहा कि दुकानदार हो या सब्जी बेचने वाले या वाहन चालक जो बिना मास्क के पकड़े गए तो उनके विरुद्ध कार. ॅवाई तो की जाएगी ही उनसे चालान काट कर फ़ाईन वसूली किया जाएगा ।मौके पर ब्ल०क के बड़ा बाबु जय प्रकाश शर्मा,ए एस आई बिरेन्द्र ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नगर निगम के सभागार में बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**



नगर निगम के सभागार में उप नगर आयुक्त राजेश प्रजापति की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सभी नगर निगम प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित कर्मचारियों के साथ किया गया बैठक , बैठक में मुख्य रूप से आवास योजना में राशि की भुगतान देर से हो रही है जिसको लेकर भी कर्मचारियों ने उप नगर आयुक्त से चर्चा किया और पेमेंट की स्थिति सुधारने की बात पर चर्चा हुई इधर दूसरी और देखा गया कि बढ़ते कोरोना को देखते झारखंड सरकार के निर्देशानुसार गाइडलाइन की शुरुआत करने की अपील की,मौके पर जिला प्रशासन के द्वारा सरकार के गाइडलाइन पालन को ले शहरी क्षेत्र के मुख्य चौक चौराहों में जिला प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च कर क०विड का नियम पालन के लिए नागरिकों को जागरूक किया गया,इसके बाद भी नगर निगम सभाकक्ष में देखा गया कि उप नगर आयुक्त सहित वार्ड पार्षद बिना मास्क पहने बिना सोशल डिर्स्टेसिंग का पालन किए बैठक में भाग लिया,अगर विभाग का ही यह हाल रहा तो आम नागरिकों का क्या हाल होगा।

## उपायुक्त ने चौताडीह मातृत्व, प्रसव एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का किया गया औचक निरीक्षण, दिया गया जरूरी दिशा-निर्देश

### मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता : उपायुक्त

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**



उपायुक्त ने चौताडीह मातृत्व, प्रसव एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसव कक्ष, पोस्ट क०परेटिव वार्ड, एमटीसी केंद्र, कुपोषण केंद्र, लेबर रूम, स्त्री व पुरुष वार्ड, आउट डोर, पैथोल०जी सेंटर, प्रतिरक्षण केंद्र आदि का जायजा लिया तथा कुपोषण केंद्र को ठीक करने, लेबर रूम एवं आऊट डोर सहित वार्डो व पैथोलजी सेंटर की सफाई पर ध्यान देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी कक्षों की साफ सफाई, नियमित रूप से ब्लिचिंग पावडर का छिड़काव व सैनेटाइज्ड करने का निदेश दिया तथा स्वास्थ्य केंद्र में कर्मियों को कार्यालय स-समय आने हेतु निदेशित किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि आमजनों व मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की पहली प्राथमि. कता है। इस हेतु सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा रही है ताकि आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाया जा सके। इसके अलावा उपायुक्त ने चौताडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे मरम्मती कार्य प्रगति एवं मूलभूत सु. विधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो कार्य प्रगति पर है उन्हें अविलंब पूर्ण करने तथा मरम्मती कार्य एवं अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके साथ ही चौताडीह स्वास्थ्य केंद्र परिसर अंतर्गत पेवर ब्ल०क, टाइल्स व अन्य गतिविधियों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश देते हुए उपायुक्त ने मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ शौचालय, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था को सुदृढ़ रखें तथा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य केंद्र में बेड बढ़ाने हेतु उचित निदेश दिया गया।

## बिहार सरकार पूर्व मंत्री बरही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**





चंदवारा प्रखंड के चौराही में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बरही पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फिता काटकर किया,पिछले कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब था जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पूर्व विधायक को दी गयी जिनके प्रयास से ट्रांसफर्मर लगवाया गया,ट्रांसफार्मर लगने से लोगो मे काफी उत्साहित थे,सभी ने पूर्व विधायक का आभार प्रकट किया। वही आरगारो में एक श्राद्ध कार्यक्रम में भी शामिल हुवे व मृतक की आत्मा शान्ती के लिए प्रा. र्थना किए। मौके पर प्रखंड प्रमुख लीलावती देवी,भा. जपा के प्रखंड अध्यक्ष द्वारिका राणा,प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अमिताभ कुमार सिह युवा नेता कृषणा यादव, नन्दकिशोर सोनी रामप्रसाद यादव वि. रेन्द्र यादव सुरेश यादव पिन्टू साव विजय मोदी मुरली मोदी समेत कई लोग मौजूद थे।

## पदमा में जेएसएलपीएस क्लस्टर का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : पदमा**



पदमा प्रखंड अंतर्गत रोमी पंचायत भवन में जेएसएलपीएस क्लस्टर का उद्घटान अंचलाधिकारी मुनाजिर अंसारी, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, सुरेंद्र गुप्ता, जिला परिषद बसंत मेहता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बिहारी मुखिया सहदेव प्रसाद, कुटी के मुखिया कंचन देवी, नीलम देवी, पुष्पा देवी, रेणु देवी, संजय यादव, सरस्वती देवी, सुषमा देवी, किरण देवी, ममता देवी एवं मंजु देवी मौजूद थे।